कार्य पत्रिका 8: दिनांक 11/11/21 विषय: हिंदी

कक्षा द्वितीय अध्यापिका: कल्पना बावा

व्याकरण : सर्वनाम (Pronoun)

जो शब्द संज्ञा (noun) के स्थान पर बोले या लिखे जाते हैं उन्हें सर्वनाम कहते हैं ।

जैसे-- मैं, तुम, हम, वह, वे, आप, हमारे, तुम्हारे, तुम्हें, तुमने, मेरा, आपका, उसका, उनका, आपको आदि ।

प्रश्न1: नीचे दिए वाक्यों में सर्वनाम छांटो:

1) राधा एक लड़की है । वह मेरी कक्षा में पढ़ती है ।
2) यह घर बहुत बड़ा है ।
3) तुम कब जाओगे ?
4) वे हमारे मित्र हैं ।
5) तुम्हारा नाम क्या है?
6) आपके पिताजी आ गए।
7) यह किताब उनकी है ।
8) सब बच्चे मेरे मित्र हैं ।
9) इसको मत छेड़ ।

प्रश्न2 : नीचे दिए गए वाक्यों में सही सर्वनाम चुनकर खाली स्थान भरो:

1. रवि ---------- (मेरा / उसने) दोस्त है।
2. ------ (वह / उसका) ठीक समय पर स्कूल जाता है।
3. अध्यापक ----------- (उसने / उसे) प्यार करते हैं।
4. ------- (उसके / वह) पिता इंजिनीयर हैं।
5. --------- (मैं / उसकी) माँ डॉक्टर हैं।
6. -------- (उन्होंने / उसका) घर बहुत बड़ा है।
7. -------- (हम / तुम) कल दिल्ली जाएँगे।
8. अभी ---------- (मुझे / उसने) बाज़ार जाना है।
9. ------(उसका / मैं) सिनेमा देख रहा हूँ।
10. ------ (तुम / हम) क्या कर रहे हो?